# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल खड़गपुर–तारापुर

पत्रांक– 599 दिनांक– 14/06/2021

मो0–8986915854 ई मेल – ee.kh.tarapur.rwd2@gmail.com

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल खड़गपुर–तारापुर।

सेवा में,

अजीत कुमार,
गाँव–महेशपुर, पो0–लौना,
थाना–तारापुर,
जिला–मुंगेर, बिहार।

विषय :– शीर्ष STATE SCHEME(NABARD) से निर्मित पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि आपके द्वारा एकरारित पथ शीर्ष STATE SCHEME(NABARD) अन्तर्गत पथ "खड़गपुर बरियारपुर पी0डब्लू0डी0 पथ से कृष्णा नगर यादव टोला होते हुए बिलिया मंडल टोला तक पथ निर्माण कार्य" अनुरक्षण अवधि में है। पूर्व में भी आपको पत्र एवं मौखिक रूप से अनुरक्षण करने के लिए निदेशित किया गया है परंतु अभी तक आपके द्वारा अनुरक्षण का कार्य नहीं कराया गया है। इसी कारण पथ की स्थिति दयनीय हो गयी है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में अंतिम स्मार देते हुए निदेशित किया जाता है कि तीन दिनों के अन्दर अनुरक्षण का कार्य संपन्न करायें। अनुरक्षण नहीं करने की स्थिति में एस0बी0डी0 के सुसंगत कंड़िका में प्रावधानित प्रावधान के अनुरूप आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए आपके निबंधन को काली सूची में डालने की अनुशंसा कर दी जायेगी। साथ ही साथ आपके जमानत की राशि से पथ का अनुरक्षण कार्य संपन्न कराने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

| Sl. No. | Block | Scheme | Name of Road | Length (in Km) | Agreement Date | Actual Date of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NABARD ROAD | Haveli Kharagpur | Kharagpur bariyarpur PWD path se krishna nagar yadav tola hote huye biliya mandal tola tak path nirman kary | 1.300 | 03.07.2016 | 02-Jul-17 |

विश्वासभाजन

14/06/2021

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल खड़गपुर–तारापुर